26/6/23 (26)

# कार्यालय उप जिलाधिकारी इगलास अलीगढ़।

दिनांक:— 23 जून, 2023

पत्रांक:— 749 /एस0टी0

विषय :— ओम साई पब्लिक स्कूल हरौथा इगलास अलीगढ के भू—अभिलेखों के सत्यापन के सम्बन्ध में।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन),
अलीगढ़।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या 311/एस0टी0 दिनांक 26.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें ओम साईं पब्लिक स्कूल हरौथा इगलास अलीगढ विधालय की भूमि के एकजाई होने सम्बन्धी आख्या एवं भू—अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन कर विधालय के स्थलीय जाँच के फोटोग्राफ तथा खसरा खतौनी एवं नजरी नक्शा के साथ स्पष्ट बिन्दुवार जाँच आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त प्रकरण की जाँच तहसीलदार इगलास के माध्यम से करायी गयी। तहसीलदार इगलास की जाँच आख्या दिनांक 19.06.2023 के अनुसार बिन्दुवार जाँच आख्या निम्नवत है:—

1. ओम साई पब्लिक स्कूल मुमरेजा राजस्व ग्राम मुमरेजा के गाटा संख्या 11/1/1 रकवा 0.611है0 तथा गाटा संख्या 13/1 रकवा 0.385है0 कुल रकवा 0.996 है0 पर स्थित है।
2. राजस्व ग्राम मुमरेजा की खतौनी खाता संख्या 140 पर दर्ज कुराबन्दी आदेश के अनुसार गाटा संख्या 11/1/1 रकवा 0.788 है0 रामादीन पुत्र घासीराम निवासी रामनगर मढी मजरा मुमरेजा के नाम दर्ज है तथा खाता संख्या 103 गाटा संख्या 13/1 रकवा 0.385 है0 पर माया देवी पत्नी रामदीन निवासी रामनगर मढी के नाम दर्ज है।
3. राजस्व ग्राम मुमरेजा की खतौनी खाता संख्या 140 पर दर्ज 1420फ0 आदेश न्यायालय उपजिलाधिकारी इगलास दिनांक 01.10.2012 के अनुसार गाटा संख्या 11/1 के रकवा 0.611है0 तथा गाटा संख्या 13 के रकवा 0.389है0 पर आबादी घोषित है।
4. राजस्व ग्राम मुमरेजा के शजरा के अनुसार गाटा संख्या 11 व गाटा संख्या 13 के मध्य नाली है, जिसका गाटा संख्या 12 है। मौके पर स्थलीय निरीक्षण में गाटा संख्या 11/1/1 व 13/1 संयुक्त है तथा नाली का रकवा गाटा संख्या 13 व गाटा संख्या 14 के मध्य छोड दिया है जिस पर सिंचाई हेतु वर्तमान में नाली का उपयोग हो रहा है।
5. उक्त भूमि ग्राम सभा/नजूल अथवा वफ्फ की नही है।
6. संलग्न खतौनी में दर्ज आदेशानुसार भूमि का विवाद न्यायालय में लम्बित नही है।
7. किसी भी सार्वजनिक हित की क्षति नही हो रही है।
8. संलग्न खतौनी में दर्ज आदेशानुसार भूमि का विवाद न्यायालय में नही है।
9. संलग्न खतौनी अनुसार कोई स्थगन अथवा निषेधाज्ञा प्रभावी नही है।

उपरोक्त तहसीलदार इगलास की बिन्दुवार जाँच आख्या मय खसरा, खतौनी एवं नजरी नक्शा तथा मौके पर उपस्थिति के फोटोग्राफ सहित मूल रूप में संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु महोदय की सेवा में संस्तुति सहित सादर प्रेषित है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

23.6.23

उपजिलाधिकारी,
इगलास।

# कार्यालय जिलाधिकारी अलीगढ़।

दिनांक 14 जुलाई, 2023

पत्रांक 1515 /एस0टी0

विषय : ओम साई पब्लिक स्कूल हरौथा इगलास अलीगढ के भू-अभिलेखों के सत्यापन के सम्बन्ध में।

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
अलीगढ मण्डल अलीगढ़।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक सी0बी0एस0ई0/6425-27/2022-23 दिनांक 15.12.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत उक्त विद्यालय की भूमि के जॉच आख्या का ऑनलाइन सत्यापन के सम्बंध में जॉच आख्या के साथ खसरा, खतौनी एवं नजरी नक्शा उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में उप जिलाधिकारी इगलास द्वारा पत्रांक 749/एस0टी0 दिनांक 23.06.2023 से जॉच आख्या प्रस्तुत की गयी है, जो सत्यापन उपरान्त जॉच आख्या मय खसरा, खतौनी एवं नजरी नक्शा मूलरूप में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नकः-उपरोक्तानुसार

14/07/23
(पंकज कुमार)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
अलीगढ़।